भारत सरकार

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय

उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 1333

शुक्रवार, 12 फरवरी, 2021 को उत्तर दिए जाने के लिए

भारत में विनिर्माण इकाइयों की स्थापना

1333. श्री मल्लिकार्जुन खरगे:

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) कोविड के पश्चात् चीन से बाहर आने वाले कितने उद्योगों ने भारत में विनिर्माण इकाइयां स्थापित की हैं;

(ख) भारत में किए गए ऐसे कुल निवेश का दक्षिण एशियाई क्षेत्र में किए गए कुल विनिर्माण निवेश से अनुपात कितना है;

(ग) क्या बंगलादेश या वियतनाम की तुलना में भारत में किए गए निवेश के आंकड़े बहुत कम हैं; और

(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री सोम प्रकाश)

(क): उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग द्वारा भारत में विनिर्माण इकाइयों की स्थापना के संबंध में केंद्रीय स्तर पर कोई आंकड़े नहीं रखे जाते हैं। हालांकि, यह पता चला है कि कुछ कंपनियों, विशेष रूप से इलेक्ट्रॉनिक्स और एयरोस्पेस उद्योग की कंपनियों ने अपने विनिर्माण को चीन से भारत में बदल लिया है।

(ख) से (घ): उपर्युक्त (क) के मद्देनजर तथा उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग द्वारा विदेशों में विनिर्माण में निवेश से संबंधित आंकड़े नहीं रखे जाने के तथ्य को ध्यान में रखते हुए, प्रश्न नहीं उठता।

*****